भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

विषय: पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से संबंधित माह जुलाई, 2024 का मासिक सारांश

1. **जल जीवन मिशन (जेजेएम)**

10.12 लाख परिवारों को कार्यशील पारिवारिक नल जल कनेक्शन प्रदान किये गये, जिससे कुल संख्या बढ़कर 15.03 करोड़ हो गयी, जो ग्रामीण क्षेत्रों के कुल परिवारों का लगभग 77.79 प्रतिशत है।

2. **स्वच्छ भारत मिशन- ग्रामीण चरण - II**

जुलाई, 2024 के दौरान 3,25,586 व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालयों (आईएचएचएल) और 1,093 सामुदायिक स्वच्छता परिसरों (सीएससी) का निर्माण किया गया है। इस अवधि के दौरान 35,652 गांवों ने स्वयं को ओडीएफ प्लस घोषित किया है। इस माह में 24,741 गांवों को ठोस कचरा प्रबंधन तथा 6,358 गांवों को तरल कचरा प्रबंधन के अंतर्गत कवर करने की सूचना मिली है। इस माह में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को 321.39 करोड़ रूपये की राशि जारी की गई।

3. माननीय जल शक्ति मंत्री श्री सी. आर. पाटिल ने नई दिल्ली में प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के लिए जेजेएम और एसबीएम-जी पर अलग से अनेक समीक्षा बैठकें की, जो निम्नानुसार हैं :

i. उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, नागालैंड और तमिलनाडु के प्रभारी माननीय मंत्रीगण, संघ राज्य क्षेत्र लद्दाख के उप राज्यपाल के सलाहकार के साथ दिनांक 9 से 25 जुलाई, 2024 तक।

ii. मेघालय, तेलंगाना और राजस्थान के माननीय मुख्य मंत्रीगण के साथ क्रमश: दिनांक 16 जुलाई, 22 जुलाई और 24 जुलाई, 2024।

4. माननीय जल शक्ति मंत्री ने दिनांक 18 जुलाई, 2024 को पंडित दीनदयाल अंत्योदय भवन, सीजीओ कॉम्पलेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली में संपीड़ित बायो गैस (सीबीजी) संचालकों के साथ बातचीत की। इस सत्र का उद्देश्य सीबीजी क्षेत्र में मौजूदा नीतिगत परिदृश्य और आगे होने वाले कार्य के संबंध में जानकारी प्राप्त करना था। इस सत्र में

सभी हितधारक मंत्रालयों/विभागों तथा गोबरधन पहल के तहत तेल और गैस वितरण कंपनियों (ओजीएमसी) के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

5. सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग ने दिनांक 5 जुलाई, 2024 को चंडीगढ़ में हुई अलग-अलग बैठकों के दौरान पंजाब और हरियाणा में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) तथा जल जीवन मिशन (जेजेएम) की प्रगति के संबंध में संबंधित मुख्य सचिवों के साथ समीक्षा की तथा दीर्घकालिक प्रभाव के लिए योजना की स्थिरता और कार्यशीलता पर जोर दिया। सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग ने दिनांक 4 जुलाई, 2024 को पंजाब और दिनांक 6 जुलाई, 2024 को हरियाणा में क्षेत्रीय दौरे भी किए।

6. सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग ने जेजेएम प्रोफेसर चेयर की प्रगति की समीक्षा के लिए दिनांक 25.07.2024 को नई दिल्ली में बैठक की अध्यक्षता की। आईआईएमबी, आईआईटी जोधपुर, आईआईटी गुवाहाटी, टीआईएसएस मुंबई और आईआईटी कानपुर से प्रोफेसर चेयर ने बैठक में भाग लिया।

7. सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग ने जल जीवन मिशन के तहत पेयजल गुणवत्ता के विभिन्न आयामों के संबंध में नोबल पुरस्कार विजेता प्रोफेसर माइकल क्रेमर और उनकी टीम के साथ दिनांक 29.07.2024 को सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली में बातचीत की।

8. अरूणाचल प्रदेश, जम्मू एवं कश्मीर, ओडिशा, हिमाचल प्रदेश, केरल, उत्तराखंड और राजस्थान राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में ग्रामीण स्वच्छता के नव नियुक्त प्रभारी सचिवों /मिशन निदेशकों, एसबीएम(जी) के लिए दिनांक 12 जुलाई, 2024 को वीडियो कॉन्फेंस के माध्यम से एसबीएम चरण-II पर एक सत्र आयोजित किया गया।

9. डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रीय जल एवं स्वच्छता संस्थान (एसपीएम-निवास) ने "सड़क निर्माण में प्लास्टिक कचरे का उपयोग", एसबीएम(ग्रामीण-2) पर मास्टर ट्रेनर का पुनश्चर्या पाठ्यक्रम, "जेजेएम के तहत मुख्य संसाधन केन्द्रों के साथ परामर्शदात्री कार्यशाला" और "नल जल सेवा एप्लीकेशन पर प्रशिक्षण" जैसे विषयों पर 6 प्रशिक्षण आयोजित किये।

*****